## महत्वपूर्ण एवं खास

### बिलासपुर-झारसुगुड़ा डाइन लाइन में अपरिहार्य परिचालन से कुछ गाड़ियां 8 को रद्द रहेगी

रायपुर (आरएनएस)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर रेल मंडल के बिलासपुर-झारसुगुडा डाउन लाइन में अपरिहार्य परिचालन कारणों से कल शनिवार को कुछ गाड़ियां प्रभावित रहेंगी। प्रभावित होने वाली गाड़ियों में बिलासपुर एवं टिटलागढ़ से छुटने वाली 58214/58213 बिलासपुर-टिटलागढ़-बिलासपुर पैसेंजर रद्द रहेगी। इसी प्रकार शुक्रवार को इतवारी से छुटने वाली 58112 इतवारी-टाटानगर पैसेंजर शनिवार को इतवारी-झारसुगुड़ा के मध्य रद्द रहेगी। टाटानगर से छुटने वाली 58111 टाटानगर-इतवारी पैसेंजर को झारसुगुड़ा में समाप्त कर यही से वापस 58112 इतवारी-टाटा पैसेंजर बनाकर एक घंटे देरी सें झारसुगुडा के लिए रवाना की जायेगी।

### पेंशनर्स समाज की बैठक 8 को, निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण होगा

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज की बैठक कलेक्टोरेट स्थित पेंशनर्स भवन में सुबह 11 बजे शनिवार 8 दिसंबर को आयोजित की गई है। प्रांताध्यक्ष चेतन भारती ने बताया कि बैठक में 24 दिसंबर को वृंदावन हाल में होने वाले वार्षिक अधिवेशन के संबंध में उपस्थित सदस्यों के बीच महत्वपूर्ण चर्चा होगी। साथ ही 80 वर्ष पूर्ण करने वाले पेंशनरों का सम्मान किया जाएगा। बैठक के उपरांत डॉ. वंदना ठाकुर के नेतृत्व में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। स्वास्थ्य शिविर में बीपी शुगर एवं अन्य व्याधियों की जांच कर डॉ. ठाकुर द्वारा मरीजों को उपयोगी मार्गदर्शन दिया जाएगा।

### शीशी में भरकर ज्वलनशील पदार्थ फेंकने से स्कूटर जला, मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। ज्वलनशील पदार्थ शीशी में भरकर फेकने से घर के सामने खड़ी डीओ स्कूटर जल जाने की रिपोर्ट डीडीनगर थाने में दर्ज कराया गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 435 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

दंदूराम देहारी 57वर्ष पिता स्व.मनराखनलाल देहारी निवासी सीनियर एमआईजी 70सेक्टर 3 डीडीनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि सीनियर एमआईजी सेक्टर 3 डीडीनगर में विशाल अवसर पिता महेन्द्र अवसर निवासी अमरपुरी पुरानी बस्ती ने घर के सामने खड़ी स्कूटर डीओ क्रमांक सीजी 04केयू 6479 के सामने ज्वलनशील पदार्थ को शीशी में भरकर आग लगाकर फेंक दिया जिससे डीओ स्कूटर में आग लग जाने से जल गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

### 3 गाड़ियों को टक्कर मारते हुए हाइवा लकड़ी टाल में जा घुसी

जांजगीर-चांपा (आरएनएस)। जिला मुख्यालय में देर रात एक तेज रफ्तार हाइवा अनियंत्रित होकर एक ट्रक और दो ट्रेक्टर को ठोकर मारते हुए एक लकड़ी टाल में जा घुसी। इस घटना में चारों गाड़ियों जहां क्षतिग्रस्त हो गई है, वहीं लकड़ी टाल को भी नुकसान पहुंचा है। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

### पिता की डांट से क्षुब्ध खाया जहर


फतेहपुर (आरएनएस)। बिन्दकी कस्बा में गुरूवार की दोपहर पिता की डांट से क्षुब्ध एक लगभग 18वर्षीय युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार बिन्दकी कस्बा निवासी मो. इसरार ने अपने पुत्र आफताब को किसी बात को लेकर डांट डपट दिया।

## कोर्ट ने फांसी पर रोक लगाकर सुनाई आजीवन कारावास की सजा

### मामला एक ही परिवार के तीन सदस्यों की हत्या का

दुर्ग (आरएनएस)। एक ही परिवार के तीन सदस्यों की हत्या और तीन लोगों पर प्राणघातक हमला करने के मामले में ग्राम बोरिद (रानीतराई) निवासी छन्नूलाल वर्मा को फांसी देने से सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति कोरियन जोसफ, दीपक गुप्ता व हेमंत गुप्ता की खंडपीठ ने फांसी की सजा को आजीवन कारावास की सजा में तब्दील कर दी है। वर्तमान में आरोपी छन्नूलाल वर्मा सेंट्रल जेल रायपुर में निरुद्ध है। जिला एवं सत्र न्यायालय ने आरोपी छन्नूलाल वर्मा को 25 जून 2013 को फांसी की सजा दी थी। जिला न्यायालय के इस फैसले को हाईकोर्ट ने यथावत रखा था। हाईकोर्ट ने घटना को विरलतम से विरलत्तम माना और फांसी की सजा को यथावत रखा था। हाईकोर्टके इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। तीन सदस्य





न्यायमूर्ति की खंडपीठ ने हाईकोर्ट के फैसले को निरस्त करते हुए आरोपी छन्नूलाल वर्मा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। तत्कालीन जिला एवं सत्र न्यायाधीश सीबी बाजपेयी ने तीन अलग अलग हत्या करने पर हत्या की धारा के तहत तीन बार फांसी की सजा सुनाई थी। इसके अलावा तीन अलग अलग व्यक्तियों पर प्राण घातक हमला करने पर हत्या का प्रयास की धारा के तहत तीन बार 7 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई थी। जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने फैसले में कहा था कि जीवन एक ही है। मृत्यु दंड की संख्या अधिक होने पर भी एक साथ निष्पादित होंगे। ऐसे मृत्यु दंड के समग्रतः एक साथ निष्पादित होने की दशा में अन्य अधिरोपित सश्रम कारावास के दण्ड भी विधि अनुसार स्वयंमेव समाहित होंगे।

मृत्युदण्ड के निष्पादन उपरान्त अन्य दम्डधिष्ट धाराओं में अधिरोति कारावास के दण्ड को स्वाभाविक रुप से भुगताया जाना संभव नहीं हो सकेगा, इसलिए अभियुक्त को गर्दन में फांसी लगाकर तब तक लटकाया जाए जब तक कि उसका प्राणान्त न हो जाए।

## तंत्र-मंत्र के बहाने ठगी करने वाला कथित बाबा गिरफ्तार

धमतरी (आरएनएस)। नकदी और सोना-चांदी के जेवरात को तंत्र-मंत्र से दुगुना कर झांसा देने वाले उत्तरप्रदेश के कथित बाबा को कुरुद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार दो साल पहले कुरुद थाना क्षेत्र के ग्राम मरौद में 2 सितंबर 2016 को एक व्यक्ति जिसने अपना राम सलाउद्दीन पिता बफाति जोगी निवासी नेवादा उत्तरप्रदेश बताया था, वहां गांव में डेरा डाला हुआ था। उसने वहां की महिला



सावित्री साहू को तंत्र-मंत्र से नगदी और जेवरात को दोगुना कर देने का झांसा दिया। उसके झांसे में महिला आ गई और अपने घर में रखे 1 लाख 59 हजार रुपए और 2 लाख 80 हजार रुपए के सोने-चांदी के गहनों लाकर दे दिया। कथित बाबा ने पूजापाठ कर सबको मिट्टी के घड़े में डाल दिया और कमरे में बंद रखने कहा। फिर तीन दिन बाद पूजा कर खोलने की बात कही। इस दौरान बड़ी चालाकी से आरोपी ने मिट्टी के घड़े को बदल दिया। बाबा के अनुसार महिला ने वैसा ही किया।

तीन दिन बीतने के बाद जब कथित बाबा नहीं दिखा तब उसे शंका हुई और कमरे में बंद घड़े को देखा तो उसके होश उड़ गए।

## राम मंदिर का निर्माण शुरू कराने की मांग

हरिद्वार (आरएनएस)। अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद ने जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को पत्र भेजकर आयोध्या राम जन्मभूमि के लिए अध्यादेश लाकर भव्य राम मंदिर का निर्माण शुरू कराने की मांग की है। पत्र में जिलाध्यक्ष अभितेष कुमार गुप्ता ने कहा कि राम जन्मभूमि आयोध्या करोड़ों हिंदुओं की आस्था का केंद्र है। देश का हिंदू समाज अब जल्द से जल्द राम मंदिर का निर्माण चाहता है। ऐसे में श्रीराम जन्मभूमि पर राम मंदिर निर्माण को लेकर अध्यादेश लाया जाना चाहिए। मांग करने वालों में राजेश कुमार, राकेश शर्मा, संदीप सैनी, विवेक वर्मा, आदेश पुण्डीर, अनुज कुमार, सुरेंद्र सैनी, सुमित गुप्ता, राशी पारासर, राम सिंह, रजत तिवारी, देवेंद्र गौतम आदि शामिल रहे।

## आंखों की जांच के नाम पर वसूली

देहरादून (आरएनएस)। स्वास्थ्य विभाग से निशुल्क नेत्र परीक्षण कैंप की अनुमति लेकर एक एनजीओ बड़ा खेल रहा है। आरोप है कि एनजीओ नेत्र परीक्षण के बाद चश्मे बनाने के एवज में 500 से एक हजार रुपये वसूल रहा है। शिकायत सीएमओ और सीडीओ तक पहुंची हैं। जांच के आदेश दिए गए हैं। शिशु कल्याण समिति जिले में नेत्र परीक्षण शिविर लगा रही है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से गठित जिला दृष्टिविहीनता निवारण समिति के जिला कार्यक्रम प्रबंधक डा.बीसी रमोला ने सशर्त अनुमति दी है। इसके अनुसार, कैंप पूरी तरह निशुल्क होंगे। कैंप आंगनबाड़ी केंद्रों में सिर्फ बच्चों के लिए लगने हैं। इसके एवज में फीस नहीं ली जानी है। अगर किसी बच्चे की नजर में कोई दिक्कत सामने आती है सरकारी स्वास्थ्य केंद्र से फ्री में चश्मे दिए जाएंगे। अगर नजर में कुछ और दिक्कत है तो ऐसे बच्चों को गांधी नेत्र चिकित्सालय रेफर करना होगा, लेकिन फिरोजाबाद (यूपी) की शिशु कल्याण समिति पर इन कैंपों के नाम पर उगाही के आरोप लग रहे हैं। आरोप है कि बगैर नेत्र विशेषज्ञों की देखरेख में आंगनबाड़ी केंद्रों में आखों का चेकअप किया जा रहा है। इसमें बच्चों के साथ ही बड़े, वृद्धों की आखें भी चेक कर उन्हें मनमाने दामों पर चश्मे दिए जा रहे हैं।

## युवक की डण्डे से पिटाई ,चार युवकों पर मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। युवक के साथ गाली गलोच करके चार लोगों ने मिलकर मारपीट किया व डण्डे से पिटाई करने की रिपोर्ट युवक ने उरला थाने में दर्ज कराया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 294,506 बी 323,34 के तहत मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार गुलशन यादव 20वर्ष पिता सुरेश यादव निवासी मठपारा बीरगांव थाना उरला ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि सुवकारी बाजार बीरगांव में चिकारा व गौतम साहू एवं अन्य दो साथियों ने सुवकारी बाजार बीरगांव थाना उरला निवासी को गाली -गलौच करने से मना करने पर चारों ने मिलकर मारपीट किया व डण्डे से पिटाई कर घायल कर दिया।

## पिता व पुत्र ने मां बेटे को डण्डे से पिटा, मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। महिला व उसके बेटे को को गाली गलोच करने व मारपीट करते हुये डण्डे से पिटाई कर घायल कर देने की रिपोर्ट प्रार्थिया ने उरला थाने में दर्ज करायी है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, बी 323, 34 के तहत मामला दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार रेखा साहू 40 वर्ष निवासी सुकवारी बाजार बीरगांव थाना उरला ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि राजा नड्डा वाला एवं उसके पिता ने मेरे बेटे गौतम के साथ मारपीट कर रहे थे जब वह बीच बचाव करने गई तो गाली गलोच करते हुये उसके साथ भी मारपीट करते हुये डण्डे से पिटाई कर दी।

## शहीद सुबोध के मकान का 30 लाख रुपये कर्ज भी चुकाएगी सरकार

लखनऊ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर बुलंदशहर हिंसा में शहीद हुए इंस्पेक्टर सुबोध कुमार सिंह के परिजनों से गुरुवार सुबह मुलाकात की।सीएम योगी ने परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया है। मुलाकात के दौरान शहीद सुबोध कुमार सिंह राठौर की पत्नी रजनी सिंह राठौर, बहन सुनीता सिंह, पुत्र अभिषेक सिंह राठौर, श्रेय प्रतापसिंह राठौर यूपी के डीजीपी ओपी सिंह और एटा के प्रभारी मंत्री अतुल गर्ग और अलीगंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक सत्यपाल सिंह राठौर भी मौजूद रहे। सीएम ने उनके दोनों बेटे, पत्नी औरपरिवारीजनों से मिलकर हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। सीएम ने उनसे कहा



कि प्रदेश सरकार आपके लिए हर समय हर सेवा के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री ने सुबोध की पत्नी और माँ को हर संभवमदद का आश्वासन दिया। सीएम ने कहा कि सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। सीएम में पीड़ित परिवार को भरोसा दिलाया कि इस मामले में सरकार निष्पक्ष कार्रवाई कर रही है। कोई भी आरोपीबख्शा नहीं जायेगा। सीएम ने पीड़ित परिवार से करीब आधे घंटे तक मुलाकात की। सुबोध सिंह राठौर की पत्नी ने मीडिया को बताया कि वह सरकार की कार्रवाई से खुश हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुलंदशहर के स्याना थाने के इंस्पेक्टर सुबोध सिंह के परिजनों से कहा दोषी कोई भी हो बचेगा नहीं। हमारी तीन टीमें वहाँ काम रही हैं।

शीघ्र ही साजिश का सच सामनेहोगा। मुख्यमंत्री ने सुबोध की पत्नी और माँ को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। आपको बता दें कि सीएम योगी ने तीन दिसंबर को बुलंदशहर हिंसा में शहीद हुए इंस्पेक्टर सुबोध की पत्नी को 40लाख रुपये और माता - पिता को 10 लाख रुपये आर्थिक सहायता देने का एलान किया था। सरकार सुबोध के परिवार पर 30 लाख रुपये मकान का कर्ज भी चुकाएगी। मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद सुबोधके परिवार ने मीडिया से बात की और कहा कि सीएम योगी ने हमें मदद दिलाने का आश्वासन दिया है।

हमें सरकार पर पूरा भरोसा है। इसके साथ ही उन्होंने दिवंगत इंस्पेक्टर के आश्रित परिवार को पेंशनतथा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की भी घोषणा की है।

इससे पहले बुधवार को प्रभारी मंत्री अतुल गर्ग इंस्पेक्टर सुबोध के पैतृक गांव पहुंचे थे, उन्होंने सीएम के संदेश के साथ 40 लाखरुपये का चेक सुबोध की पत्नी को दिया था।

## गुजरात के चिकित्सक ने "विश्व की पहली" 'टेलीरोबोटिक कोरोनरी' सर्जरी की

अहमदाबाद शहर के एक हृदयरोग विशेषज्ञ (Cardiologist) ने एक रोगी की रोबोट नियंत्रित उपकरणों की मदद से 32 किलोमीटर दूर स्थान से 'टेलीरोबोटिक कोरोनरी' (Telerobotic Coronary) सर्जरी की. हृदय रोग विशेषज्ञ ने दावा किया कि यह 'विश्व की पहली' 'टेलीरोबोटिक कोरोनरी' सर्जरी है. गांधीनगर में अक्षरधाम मंदिर परिसर में बैठे डॉ. तेजस पटेल ने महिला रोगी की सर्जरी की जो कि अहमदाबाद में एपेक्स हर्ट इंस्टीट्यूट के ऑपरेशन थिएटर में थीं.

डॉ. पटेल ने कुछ मिनट चली इस सर्जरी के लिए टेलीरोबोटिक्स' प्रौद्योगिकी (Telerobotic Technology) का इस्तेमाल किया. रोबोटिक प्रणाली आपरेशन थिएटर में रखी थी और वह उससे हाईस्पीड वायरलेस इंटरनेट से जुड़े



हुए थे. डॉ. पटेल ने मंदिर में बैठकर बटन इधर-उधर घुमाए जिससे मरीज की धमनियां साफ हो गईं और उनमें स्टेंट डाल दिया गया. डॉ. पटेल ने दावा किया, ''भारत ने चिकित्सा विज्ञान में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है. यह विश्व का पहला 'परक्युटेनियस कोरोनरी इंटरवेंशन' है जो कि दूर स्थान पर बैठकर किया गया.

## जानिए कैसे पा सकते है ठंड के मौसम में कफ की समस्या से छुटकारा

ठंड आते ही सर्दी, जुकाम और खांसी होना आम समस्या है। इसके अलावा इस मौसम में सबसे ज्यादा समस्या होती है वो है गले और छाती में बलगम बनने की। बलगम होने से न केवल सांस लेने में तकलीफ होती है बल्कि ये अपने साथ ओर भी बहुत सी परेशानियां लेकर आता है। लोग इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए कई तरह की दवाओं और सिरप का सेवन करते हैं लेकिन इनसे जल्दी फर्क महसूस नहीं होता। एक चम्मच में ऑर्गेनिक शहद और 2 टेबल स्पून नींबू का रस मिलाकर पीएं। ये आपके गले को आराम पहुंचाता है और कफ की समस्या से दूर रखता है। शहद में एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल गुण पाएं जाते है। नींबू में विटामिन सी की भरपूर मात्रा पाई जाती है। जो आपके गले को तुरंत आराम



पहुंचाएगां काली मिर्च हल्की तीखी और स्वाद में कड़वी होती है,यह इसे वातदोष को समाप्त करने के लिए आयुर्वेद में चमत्कारी औषधि मान जाता है। ये कफ (बलगम) को समाप्त कर देती हैं, काली मिर्च में पाइपर लांगमाइन (पीएल) नामक रासायनिक तत्व पाया जाता है इसमें हमारे शरीर में ये एंजाइम के बनने को रोकती हैं। शरीर में बनने वाले एंजाइम खांसी और इसके इन्फेक्शन को बढ़ाते हैं जो कफ का कारण बनता हैं। रोजाना एक कप 20 दानें काले मिर्च के उबाले और फिर इसमें शहद डालकर पी लें। अंगूर कई बीमारियों में फायदेमंद होता है, जिसमें हेरोस्टिलवेन नामक पदार्थ पाया जाता है जो एंटीआक्सीडेंट से भरपूर होता है। अंगूर में एक्सपेक्टोरेंट होता हैं।

## पागलपंती में जॉन अब्राहम के साथ अनिल कपूर, अरशद और इलियाना



अनीस बजमी की अगली फिल्म पागलपंती की शूटिंग जनवरी के अंतिम सप्ताह में शुरू होगी। फिल्म में इलियाना डिक्रूज और जॉन अब्राहम मुख्य किरदार में नजर आएंगे। इसके साथ ही फिल्म में अरशद वारसी और अनिल कपूर भी अहम रोल प्ले करते दिखेंगे। बताया जा रहा है कि भूषण कुमार, कुमार मंगत और अभिषेक पाठक के प्रॉडक्शन में बन रही पागलपंती पूरी तरह से कॉमिडी फिल्म है और इसे 50 दिनों तक लंदन के अलग-अलग लोकेशन्स पर शूट किया जाएगा।

फिल्म से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि फिल्म में जॉन और इलियाना रोमांस करते नजर आएंगे।

वहीं अनिल कपूर और अरशद वारसी फिल्म अपने ऐक्टिंग से हंसी ठहाकों का तड़का लगाने का काम करेंगे। इलियाना के अलावा पागलपंती में एक और ऐक्ट्रेस को कास्ट किया जाना है। हालांकि अभी ऐक्ट्रेस का नाम फाइनलाइज करना बाकि है।

## फिल्मों के चुनाव में विराट की सलाह कभी नहीं लेती: अनुष्का शर्मा

अभिनेत्री अनुष्का शर्मा इन दिनों अपनी रिलीज़ के लिए तैयार फिल्म जीरो के प्रमोशन में जुटी हैं। इस दौरान हमसे हुई बातचीत में अनुष्का ने कहा कि वह अपनी फिल्म या किसी कहानी के चुनाव के दौरान अपने हज्बंड विराट कोहली का सुझाव बिल्कुल नहीं लेती हैं। अनुष्का की मानें तो न तो वह विराट को क्रिकेट से जुड़ी कोई सलाह देती हैं, न ही विराट से फिल्मों के चुनाव से संबधित कोई सलाह लेती हैं।



जीरो में अपने किरदार के बारे में अनुष्का बताती हैं, मुझे शुरू से ही पता था कि मेरा किरदार सेरब्रल पॉल्ज़ी की समस्या से जूझ रहा है और एक अलग तरह की हरकत भी थी बॉडी, जो मुझे खुद क्रिएट करना पड़ता था। जब मैं शॉट दे रही होती थी तब मुझे डायलॉग याद रखने के साथ-साथ सेरब्रल पॉल्ज़ी के दौरान बॉडी और फेस में होने वाली मसल्स की हरकत पर बहुत ध्यान देना होता था।

अनुष्का आगे कहती हैं, मैं परफेक्ट शॉट के लिए कई बार ज्यादा रीटेक भी करती थी। इस किरदार को निभाते समय शुरू में बहुत स्ट्रगल था, मैंने तीन महीने तक सेरब्रल पॉल्ज़ी को अच्छी तरह समझने के लिए खूब पढ़ती थी। मैंने कई विशेषज्ञों के साथ काम किया था। मेरे किरदार दिमाग बहुत तेज है, उसने प्रफेशनली बहुत कुछ अचीव किया है।

उसकी वह स्पिरिट खो नहीं सकती। वही उसकी खूबसूरती भी है।

## बॉलीवुड में धमाकेदार एंट्री के लिए तैयार हैं प्रिया प्रियंवदा?



कोलकाता की चर्चित फैशन ब्लॉगर, मॉडल और एक्ट्रेस प्रिया प्रियंवदा अब बंगाल से निकलकर जल्द ही बॉलीवुड में धमाकेदार एंट्री के लिए तैयार हैं. प्रिया की बॉलीवुड एंट्री बेहद खास होने वाली है, क्योंकि वो अपनी डेब्यू फिल्म में 'बागी' व 'बागी 2' जैसी फिल्में दे चुके टाइगर श्रॉफ के अपोजिट नजर आयेंगी. बॉलीवुड में एंट्री लेने वाले हर न्यूकमर की चाहत होती है कि वो किसी बड़े स्टार के साथ काम करें और ये मौका प्रिया प्रियंबदा को मिला है कि उन्हें अपनी पहली ही फिल्म में टाइगर श्रॉफ जैसे अभिनेता के साथ फिल्म में काम करने का चांस मिल रहा है. साल 2019 में रिलीज़ होने वाली इस फिल्म के नाम का खुलासा फिलहाल नहीं किया गया है. लेकिन माना जा रहा है कि यह फिल्म प्रिया के करियर को एक नया मोड़ दे सकती है.